# पाठ 3. बिना मात्रा वाले शब्द

दिए गए सभी शब्दों को पढ़वाते समय वर्णों के उच्चारण पर विशेष ध्यान दें। बच्चों को कोई वर्ण पहचानने में कठिनाई हो तो उन्हें कार्ड या श्यामपट्ट पर लिखकर पहचान करवाएँ। शब्दों से जुड़ी भिन्न-भिन्न गतिविधियाँ भी करवाई जा सकती हैं। जैसे – 'अ' से शुरू होने वाले शब्द बच्चे एक-एक करके बताएँ। इसी तरह अन्य वर्णों के शब्द भी कक्षा में पूछें। कार्ड पर वर्ण लिखकर बच्चों को दें और उन्हें जोड़कर शब्द बनाने को कहें। यह सुनिश्चित करें कि बच्चे दो, तीन और चार वर्णों के शब्द पढ़ सकते हैं। बच्चों में दो, तीन व चार वर्णों के शब्दों से बने इन छोटे-छोटे वाक्यों को शुद्‌ध उच्चारणसहित वाचन करने के कौशल का विकास करें। इससे उनमें आत्मविश्वास जागेगा। पाठ से संबंधित छोटे-छोटे प्रश्नों के उत्तर पूछकर बच्चों के मौखिक अभिव्यक्ति कौशल का विकास करें। रिक्त स्थानों की पूर्ति बच्चों से मौखिक व लिखित दोनों रूपों में करवाएँ। वर्णों का पहले उच्चारण करें, फिर उन्हें जोड़कर शब्द बनाएँ। इन शब्दों को रिक्त स्थानों में भरें।